### राहत संस्था द्वारा सदर अस्पताल में आयोजित की गई कार्यशाला

# 'महिलाओं में जागरूकता की कमी'

**सशक्तीकरण**

किशनगंज | संवाददाता

महिला सशक्तीकरण के मुद्दे पर गुरुवार को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सदर अस्पताल में किया गया। सदर अस्पताल की चिकित्सा पदाधिकारी डा. उर्मिला कुमारी की अध्यक्षता में राहत संस्था द्वारा आयोजित कार्यशाला में महिला की सुरक्षा, उत्पीड़न, हिंसा, सशक्तीकरण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इस मौके पर डा. उर्मिला कुमारी ने कहा कि आज देश में महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चल रही है।

कैरियर के हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपना परचम लहराया है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता की कमी के कारण महिलाएं उत्पीड़न के शिकार हो जाती है। जबकि महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई संस्था कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनकर अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी। तभी समाज आगे बढ़ेगा। संस्था की सचिव फरजाना बेगम ने कहा कि समानता हर क्षेत्र में होना चाहिए। महिला शिक्षा प्राप्त करें व हिंसा के खिलाफ आवाज उठाये। इन्होंने कहा कि संस्था महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर वक्त सजग रहती है।

कार्यशाला में डा. देवेन्द्र कुमार, सची कुमारी, ज्योति कुमारी, [illegible] रोमा, नंदनी कुमारी, रूपा, [illegible] आजाद, [illegible], माला सहित [illegible] स्कूल की छात्रा थी।



गुरुवार को कार्यशाला के मौके पर मौजूद डाक्टर एएनएम स्कूल की छात्राएं व अन्य। • हिन्दुस्तान



आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबा

# दैनिक भास्कर

कुल पेज 18 | 14+4 पेज **बिहार** मूल्य ₹ 3.50 | वर्ष 5, अंक 130

भागलपुर, शुक्रवार, 6 दिसंबर, 2019 मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-10, 2076

# पोठिया कर्बला मैदान में कार्यकर्ताओं ने विधायक का किया अभिनंदन

**भास्कर न्यूज़ | पोठिया**



कार्यक्रम में मौजूद विधायक कमरुल होदा व अन्य।

गुरुवार को पोठिया कर्बला मैदान के पास नव निर्वाचित विधायक कमरुल हुदा का अभिनंदन समारोह व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान व जिलाध्यक्ष इसहाक आलम थे। कार्यकर्ताओं से ईमान ने कहा जिस तरह एकजुट होकर विधानसभा उपचुनाव में एमआईएम को जीत दिलाई थी। उसी प्रकार आगे भी आप सभी को एकजुट होने की जरुरत है। एमआईएम विधायक कमरुल होदा ने मौजूद अपने कार्यकताओं व लोगों से कहा आप जब भी मुझे याद करेगें मैं आपके सामने रहूंगा। उन्होंने कहा कि चिचुआबारी से पोठिया तक आने वाली मुख्य सड़क का चौड़ीकरण के लिये प्रस्ताव डाला गया है, जो बहुत ही जल्द हो जाएगा। इस अवसर पर पूर्व चैयरमेन तासिरुद्दीन, सैयद मजहरुल हुसैन, फौजी अकबर, एमआईएम प्रखंड नेता व पूर्व मुखिया तकी सरवर, प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज आलम, प्रखंड युवा अध्यक्ष जकी अनवर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ڈاکٹر فرزانہ کی عزت افزائی

**کشن گنج** (نمائندہ): کشن گنج کی ڈاکٹر فرزانہ چین میں نوازی گئیں۔ آج اس سلسلے میں ڈاکٹر فرزانہ بیگم نے انقلاب کو اپنی رہائش گاہ پر بتایا کہ انہیں حکومت ہند کی جانب سے پانچ روزہ چین کے بین الا قومی دورہ پر دو رکنی ٹیم کے ساتھ بھیجا گیا تھا جہاں انہیں نوازا گیا۔ واضح رہے کہ فرزانہ بیگم گزشتہ بیس سالوں سے راحت این جی او کے بینر تلے خواتین و اطفال کے شعبے میں خدمات انجام دے رہی ہیں جنسی استحصال، گھریلوں ظلم کی شکار خاتون کی ہر ممکن تعاون کرنے والی فرزانہ نے نہ صرف کشن گنج بلکہ پورے ملک کا نام روشن کیا۔ انہوں نے بتایا کہ ہمارا ملک ہر معاملہ میں بہتر ہے حالانکہ چین کی ۹۲ فیصد خاتون نوکریاں کرتی ہیں اور خود مختار ہیں اس کے باوجود ہم ہندوستانی خواتین ان سے بہتر ہیں۔

انقلاب THE INQUILAB عظیم | 03 | Friday, December 06, 2019, www.inquilab.com

# کشن گنج پولیس اپنا فرض نبھانے میں ناکام ثابت ہورہی ہے: قمر الہدیٰ

## ایک روزہ یوتھ فیسٹول کا انعقاد، خواتین پر ہورہے مظالم اور بردہ فروشی کے بارے میں عوام کو بیدار کیا گیا



کشن گنج: انسان اسکول میں یوتھ فیسٹول کے دوران اسٹیج پر معززین کے استقبال کا منظر۔ (تصویر: انقلاب)

**کشن گنج** (محمد انس رحمانی): شہر کے انسان اسکول احاطہ میں جمعرات کو راحت تنظیم کی جانب سے ایک روزہ یوتھ فیسٹول کا انعقاد کیا گیا۔ اس موقع پر انسان اسکول کے ڈائریکٹر شفا حفیظ، اسکول کے اساتذہ جمیل اختر، نوشاد عالم، تنویر عالم، انسان اسکول کے سابق طالب علم اور ڈپٹی کلکٹر راشد عالم، محمد نہال احمد، ترلوک چند، وارڈ کونسلر منیش جالان، پٹنہ سے اسٹیٹ کوآرڈی نیٹر رنجنا داس سشمیتا گوامی سمیت کٹیہار، پورنیہ اور ارریہ سے آئے مہمانوں، مختلف اسکول اور کالج کے طلبا اور شہر کے معززین موجود تھے۔ فیسٹول کا آغاز اسکول کے بچوں کے استقبالیہ نغمہ سے ہوا۔ اس موقع پر رکن اسمبلی قمر الہدیٰ نے کہا کہ پولیس اگر چاہ لے تو ہر جرم کو روک سکتی ہے۔ انہوں نے پولیس پر الزام عائد کرتے ہوئے کہا کہ کشن گنج پولیس اپنے فرض کو نبھانے میں ناکام ثابت ہورہی ہے۔ خواتین پر ظلم وستم کے پہاڑ توڑے جاتے ہیں۔ وارنٹی اور قصوروار آزادانہ طور پر گھومتے ہیں اور مظلوم کو ہی چیلنج کرتے ہیں۔ غربت کی وجہ سے علاقے کی بچیاں شادیں اور روزگار کے نام پر دلالوں کے شکار ہوجاتی ہیں۔ اس موقع پر ڈی ایس پی اجے جھا نے بھی خطاب کیا۔ اس موقع پر راحت کی فرزانہ نے کہا کہ راحت ۶ اضلاع میں کام کررہی ہے اور خواتین پر ہورہے مظالم کے خلاف قانونی لڑائی لڑ کر ان کو حق دلانے اور انسانوں کی خرید وفروخت روکنے کے لئے ہر وقت تیار رہی ہے۔

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
■ पटना ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित
पटना
शुक्रवार ● 6 दिसम्बर ● 2019
16 पृष्ठ, मूल्य ₹ ~~4.00~~
आमंत्रण मूल्य मात्र ₹ 3.00

# युवा पीढ़ी के कंधों पर देश का भविष्य : डीएसपी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

किशनगंज।

**देश में दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए सरकार कड़ा कानून बनाये : कमरूल होदा**

**राहत संस्था और ऑक्सफेम इंडिया द्वारा युवा महोत्सव का आयोजन, मर्जी बिना शादी नहीं कैंपेन की हुई शुरुआत**

शहर के इंसान स्कूल परिसर में राहत संस्था किशनगंज और ऑक्सफेम इंडिया द्वारा संयुक्त तत्वाधान में युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में "मर्जी बिना शादी नहीं" कैंपेन की भी शुरुआत की गयी।

कार्यक्रम में बोलते हुए एआईएमआईएम विधायक कमरूल होदा ने कहा कि मानव व्यापार, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा रोकने के लिए समाज में जागरूकता लाना होगा। देश में दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओ को रोकने के लिए सरकार को कड़ा कानून बनाए। मामले में जांच प्रक्रिया लंबी ना हो और जल्द से जल्द फैसला हो और बलात्कारियों के लिए कानून में फाँसी की सजा का प्रावधान हो। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को समाज में इन कुरीतियों के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रयास करना चाहिए। युवा महोत्सव में डीएसपी मुख्यालय अजय झा ने कहा कि युवा पीढ़ी के कंधों पर देश का भविष्य है, सोच अच्छा रखे और बच्चों को अच्छा परिवेश और संस्कार मिले। उन्होंने कहा कि समाज में किसी की भूमिका किसी से कम नहीं है और सबके सामूहिक प्रयास से समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए जागरूकता लानी होगी। युवा महोत्सव में पूर्व नप अध्यक्ष त्रिलोकचंद जैन ने कहा कि युवा महोत्सव युवा में जागृति लाने का सशक्त माध्यम है। अभिवावक लड़कियों की शादी समय से पहले नहीं करे। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव का उदेश्य काफी अच्छा है।



युवा महोत्सव में शामिल मुख्य अतिथि )

युवा महोत्सव के अवसर पर विभिन्न तरह की खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर राहत संस्था की निदेशिका फरजाना बेगम ने बताया कि लगभग बीस वर्षों से राहत संस्था जिला में ह्यूमन ट्रैफिकिंग, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बाल व्यापार रोकने और इनके प्रति समाज में जागरूकता लाने का कार्य कर रही है। युवा महोत्सव में सिनियर डिप्टी कलेक्टर राशिद आलम, मारवाड़ी मर्चेंट्स कमिटी के अध्यक्ष प्रमोद बैद, सैयद मजहरूल हसन, निहाल अख्तर सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग, स्कूल के शिक्षक, कर्मी और स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

पटना। शुक्रवार • 15 नवम्बर • 2019
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

# चीन में डॉ. फरजाना बेगम को किया गया सम्मानित



उपस्थित डॉ. फरजाना बेगम व अन्य।

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

किशनगंज।

चीन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली राहत संस्था की निदेशिका डॉ फरजाना बेगम को वहाँ सम्मानित किया गया।

चीन से वापस लौटने पर प्रेस वार्ता में डॉ फरजाना बेगम ने बताया कि लंदन की बेथन ने उन्हें सम्मानित किया है, यह बहुत ही गर्व की बात है की पूरे भारत में दो महिलाओ को यह अवसर प्राप्त हुआ जिसमे एक डॉ फरजाना बेगम है। उन्होंने बताया कि विगत 20 वर्षो से वह सामाजिक मुद्दों पर अपनी सेवा महिलाओ और बच्चो के लिए देती आ रही है। चीन के बारे में डॉ फरजाना बेगम ने बताया कि वहाँ भावनात्मक हिंसा और यौनिक हिंसा काफी ज्यादा है, वहाँ हर पांचवी महिला हिंसा की शिकार है लड़कियां ही लड़कों को शादी कर के अपने घर लती है, लडकियों द्वारा दहेज़ लेने का मामला है, वहाँ के लोग भागवान से ज्यादा पूर्वजों पर आस्था रखते है, तलाक का मामला काफी ज्यादा है, विधवा महिला, एकल महिला को कोई सम्मान नही दिया जाता है, तब भी वहाँ के लोग सभ्य समाज कहते है 92 प्रतिशत महिला कामगर है जबकि भारत में 23 प्रतिशत ही महिला कामगर है।

चीन में कानून व्यवस्था बहुत मजबूत है, सभी के लिए कानून है जो की कई देशों के मामले काफी मज़बूत है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में यूके, बेथन, बोलीविया, नेपाल, रूस सहित कई देशों कें प्रतिनिधियों ने अपने अपने देश के बारे में जानकारी दी और काम के तरीके को सीखा और सिखाया।